को रद्द किए जाने के कारण आच्छादित करके लगभग 42.0 मिलियन अमरीकी डालर कर दिया गया था ।

**मच्छर भगाने वाले हानिकर कॉईल्स**

*219. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बाजार में **मच्छर** भगाने वाले जो कॉईल्स उपलब्ध हैं उनका स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है ;

(ख) क्या सरकार ने ऐसे कॉइलों का **कोई** परीक्षण किया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री एम. एल. फोतेदार)** : (क) से (ग) मच्छर भगाने वाले कॉइल्स में एक पदार्थ होता है जिसे एलेथ्रिन कहते हैं । यह पाइरेथ्रोइडम का संश्लेषित रूप है जो कि कई फूलों में पाया जाता है और इसमें मच्छरों को भगाने की क्षमता होती है । एलेथ्रिन का कई वर्षों से इस्तेमाल किया जा रहा है और सर्वप्रथम जापान में इसे आरम्भ किया गया था । एलेथ्रिन के सत्रेक्षित अभिश्वसन के प्रभावों का चूहों पर अध्ययन किया गया था और इसके नुकसानदायक होने का कोई प्रमाण नहीं मिला ।

एलेथ्रिन पर आधारित मच्छर भगाने वाली दवाई कीटनाशी अधिनियम, 1968 के अंतर्गत पंजीकृत समिति द्वारा पंजीकृत की गई है । यह समिति इस उत्पाद के मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभावों सहित विभिन्न पैरामीटरों के आंकड़ों पर विचार करती है ।

**अर्द्धसैनिक बलों के कार्मिकों के आश्रितों को सहायता**

*220. **श्री अजीत जोगी :**
**श्री छोटूभाई पटेल :**

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में मारे गए अर्द्धसैनिक बलों के कार्मिकों के आश्रितों को वित्तीय सहायता देने और अन्य राहत प्रदान किए जाने संबंधी कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

**गृह मंत्री (श्री एस. बी. चव्हाण)** : (क) आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान मारे गए अर्द्धसैनिक बलों के कार्मिकों के आश्रितों को वित्तीय सहायता देने के लिए पहले से ही एक योजना है ।

(ख) योजना में इस प्रकार के कार्मिकों के परिवारों को, केंद्रीय सरकारी कर्मचारी ग्रुप बीमा योजना के अंतर्गत दी जाने वाली बीमा राशि और संबंधित राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली कोई भी अनुग्रह-पूर्वक अदायगी राशि सहित, 1 लाख रुपए की राशि दी जाने की व्यवस्था है । यह राशि उग्रवादियों द्वारा हमला किए जाने या उनके खिलाफ कार्रवाई करने के परिणामस्वरूप ड्यूटी पर मृत्यु होने के मामले में सभी केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के परिवारों को उपलब्ध लाभ और सुविधाओं के अतिरिक्त है ।

**Preservation and restoration fund**

1271. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether the Central Government has been requested to set up a National